पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

साइबर क्राइम थाना, अपराध शाखा, पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस नोट सं.-559 दिनांक-07/04/2026

Malware से मोबाइल हैक कर ₹10 लाख की ठगी, साइबर क्राइम थाना लखनऊ की तत्परता से शत-प्रतिशत रकम वादी को वापस कराई गई |

घटना का विवरण:

दिनांक 17.02.2026 को वादी श्री योगेन्द्र कुमार, निवासी अर्जुनगंज, लखनऊ के एचडीएफसी बैंक खाते से अज्ञात साइबर अपराधियों द्वारा इंटरनेट बैंकिंग हैक कर कुल **₹10,00,000/- (दस लाख रुपये)** की धनराशि तीन अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से अवैध रूप से निकाल ली गई।

जांच के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि **अज्ञात साइबर फ्रॉडस्टर द्वारा प्रार्थी को एक Malicious Malware फाइल भेजी गई, जिसके पश्चात वादी का मोबाइल फोन हैक कर लिया गया तथा उसके माध्यम से नेट बैंकिंग/इंटरनेट बैंकिंग का दुरुपयोग करते हुए उक्त धनराशि अवैध रूप से निकाल ली गई।**

इस संबंध में दिनांक 26.02.2026 को थाना साइबर क्राइम, लखनऊ पर **अपराध संख्या 29/2026,** धारा 318(4) भारतीय न्याय संहिता (BNS) एवं धारा 66(D) सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

त्वरित पुलिस कार्यवाही-

श्रीमान् पुलिस आयुक्त, लखनऊ तथा श्रीमान् संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय) के निर्देशन में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त (अपराध), श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त (अपराध) एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त (साइबर क्राइम) के कुशल पर्यवेक्षण में, साइबर क्राइम थाना लखनऊ पर पंजीकृत उक्त अभियोग में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए ठगी गयी सम्पूर्ण धनराशि **₹10,00,000/- (दस लाख रुपये)** को वादी के खाते में वापस कराया गया। साथ ही, आरोपियों की पहचान कर उनके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है।

धनराशि बरामद/वापस कराने में सक्रिय अधिकारी/कर्मचारी –

1. प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार यादव साइबर क्राइम थाना लखनऊ।
2. निरीक्षक पंकज कुमार अम्बष्ट साइबर क्राइम थाना लखनऊ।
3. आरक्षी वैभव प्रकाश नैन साइबर क्राइम थाना लखनऊ |

पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

मिशन शक्ति बुलेटिन-III

मिशन शक्ति 5.0 ने बताई नई राह, ग्राम हाफिजखेड़ा में महिला सशक्तिकरण का संदेश

दिनांक- 07.04.2026

थाना मलिहाबाद टीम द्वारा महिलाओं और बच्चो को मिशन शक्ति के तहत ग्राम हाफिजखेड़ा में जागरूक करके महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों तथा साइबर क्राइम से बचाव की दी गई जानकारी।

मिशन शक्ति 5.0 के तहत लखनऊ कमिश्नरेट में श्रीमान पुलिस आयुक्त श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर के निर्देशन में जनपद लखनऊ में 54 थानों पर मिशन शक्ति केन्द्र की स्थापना की जा चुकी है। जिसमें 01 निरीक्षक,01 अतिरिक्त निरीक्षक,01 उपनिरीक्षक,01 महिला उपनिरीक्षक की नियुक्ति की जा चुकी है। थाने पर आने वाली महिलाओं की समस्त समस्याओं का त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है।

मिशन शक्ति के तहत एक महत्वपूर्ण जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें राहगीर महिलाओं और बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति सजग किया। इस दौरान महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई और साथ ही उन्हें महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों तथा साइबर क्राइम से बचाव के उपायों से अवगत कराया गया। यह पहला सकारात्मक कदम है जो समाज में सुरक्षा और जागरूकता का संदेश फैला रहा है।

आयोजक/ अयोजन स्थल

- महिला उप-निरीक्षक श्रीमती मनीषा पाठक, थाना मलिहाबाद लखनऊ कमिश्नरेट।
- महिला आरक्षी ललिता सिंह, थाना मलिहाबाद लखनऊ कमिश्नरेट।
- ग्राम हाफिजखेड़ा थाना मलिहाबाद

प्रतिभाग-

- महिला उप-निरीक्षक श्रीमती मनीषा पाठक, थाना मलिहाबाद लखनऊ कमिश्नरेट।
- महिला आरक्षी ललिता सिंह, थाना मलिहाबाद लखनऊ कमिश्नरेट।
- महिला आरक्षी अंकिता सिंह, थाना मलिहाबाद लखनऊ कमिश्नरेट।
- ग्राम हाफिजखेड़ा थाना मलिहाबाद महिलाएं व बच्चों को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण-

लखनऊ पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति अपनी गंभीर प्रतिबद्धता को दोहराते हुए आज मलिहाबाद के ग्राम हाफिजखेड़ा में एक विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। **'मिशन शक्ति'** के व्यापक उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए, पुलिस टीम ने वहां उपस्थित महिलाओं, बालिकाओं और बच्चों को अपराध नियंत्रण, साइबर सुरक्षा और डिजिटल पोर्टल्स के प्रभावी उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी।